महत्वपूर्ण एवं खास

पटवारियों की हड़ताल खत्म, ऑनलाइन काम फिर शुरू

रायपुर (आरएनएस)। ऑनलाइन कामों में आ रही परेशानियों को लेकर जारी पटवारियों की हड़ताल आज समाप्त हो गई है। पटवारियों ने आदर्श आचार संहिता और लोगों के कामों को देखते हुए अपनी हड़ताल खत्म करते हुए आज से ऑनलाइन काम फिर शुरू करने की बात कही है। बता दें कि शासन से आवश्यक संसाधन की मांग करते हुए पटवारी बीते 9 दिसंबर से काली पट्टी लगाकर काम कर रहे थे। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं होने पर 15 दिसंबर से सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों और ट्रेनिंग का बहिष्कार किया था तथा 16 दिसंबर से प्रदेशभर के पटवारी सभी वाट्सएप गुरुप का बहिष्कार करते हुए हड़ताल पर चले गये थे। इस संबंध में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा है कि हड़ताल को लेकर पटवारियों से चर्चा लगातार जारी थी। और पटवारियों ने आम जनता के हित में उचित निर्णय लिया है। अब प्रदेश में राजस्व संबंधित कामों में तेजी आएगी।

नक्सलियों के डंप हथियारों का जखीरा बरामद

सुकमा-रायपुर (आरएनएस)। जिले में कोबरा और सीआरपीएफ के जवानों ने बड़ी छापेमारी की है. दुल्लेड़ और मेटागुड़ा के बीच जंगल में नक्सलियों का डंप यार्ड मिला है. यहां से जवानों ने भारी मात्रा में नक्सल सामग्री और उपकरण बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, कोरबा की 203 और सीआरपीएफ की 131वीं बटालियन के जवानों ने कार्रवाई करते हुए नक्सलियों का डंप बरामद किया. जवानों ने डंप से जनरेटर से लेकर विस्फोटक व अन्य सामग्री बरामद किया. इस दौरान ये भी सामने आया कि नक्सली बरामद किए गए उपकरणों का इस्तमाल कर बीजीएल सेल्स बनाते थे।

मौसम में होगा बदलाव अगले तीन दिनों में पारा तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरेगा

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में मौसम में जल्द बदलाव होने जा रहा है। आगामी तीन दिनों में पारा तीन डिग्री सेल्सियम गिरने से ठंड पुन: बढ़ेगी। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को प्रदेश में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियम रायपुर में दर्ज किया गया। वहीं न्युनतम तापमान 11.6 डिग्री जीपीएम में दर्ज किया गया। आने वाले समय में छग के कुछ स्थानों में कई जिलों में हल्की बारिश होने के कारण ठंड में और इजाफा होगा। बारिश को लेकर अलर्ट जारी करते हुए मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों के आरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है।

राम वनगमन पथ निर्माण में अनियमितता, 7 सदस्यीय जांच समिति का हुआ गठन

रायपुर (आरएनएस)। भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में राम वन गमन पथ के निर्माण कार्य में अनियमितता के आरोप पर साय सरकार जांच समिति का गठन किया है. सात सदस्यीय समिति की अध्यक्षता बीजेपी के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर करेंगेइस घोषणा के बाद अब जाकर सरकार ने जांच समिति का गठन किया है. अजय चंद्राकर की अध्यक्षता में बनी समिति में अकलतरा विधायक राधवेंद्र कुमार सिंह को सदस्य बनाया गया है. वरिष्ठ इतिहासकार प्रो. डॉ. एलएस निगम, पुरातत्व संचालनालय के उप संचालक पीसी पारख, पुरातत्ववेता प्रभात कुमार, जल संसाधन विभाग के एसके टीकम और शशांक सिंह को सदस्य बनाया गया है.

शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में हुआ गणतंत्र दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल

❑ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने तैयारियों का लिया जायजा

रायगढ़

शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह होगा। समारोह से पूर्व 24 जनवरी को कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल की मौजूदगी में फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। जो सुबह 9 बजे प्रारंभ हुआ। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने मुख्य अतिथि की भूमिका का निर्वाह कर झंडा फहराया व परेड की सलामी ली। परेड निरीक्षण के बाद मार्च पास्ट हुआ। अंत में स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां हुई।

समारोह में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 6वीं बटालियन, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, नगर सेना महिला एवं पुरूष बल, एनसीसी कैडेट की टुकडियों, स्काउट गाइड द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। समारोह में मार्च पास्ट का हिस्सा बन रहा स्कूली बच्चों का बैंड खास आकर्षण होगा। मार्च पास्ट के बाद बैंड की विशेष प्रस्तुति होगी। तत्पश्चात स्कूली बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने समारोह स्थल में तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मंच व बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, बिजली आपूर्ति, पेयजल आदि के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को उनको सौंपे गए दायित्वों के अनुसार सारी तैयारियां समय से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, सीएसपी आकाश शुक्ला, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

अधिकारी-कर्मचारियों ने ली मतदाता शपथ

रायगढ़

कलेक्टोरेट परिसर में आज कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से मतदाता शपथ लिए। सभी ने शपथ किया कि हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। इस अवसर पर ज्वाइंट कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा, जिला कोषालय अधिकारी ज्योति सिंह, जिला अल्प बचत अधिकारी जगजीवन राम जांगड़े, कार्यालय अधीक्षक सतीश कुमार सिन्हा, सहायक अधीक्षक राजेश मेहरा सहित जिला कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगरीय निकाय अंतर्गत महापौर के लिए 1 एवं पार्षद पद हेतु 39 अभ्यर्थियों ने लिए नामांकन पत्र

❑ नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए 6 एवं पार्षद पद हेतु लिए गए 50 नाम निर्देशन पत्र

रायगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में नगरीय निकायों के लिए जा रहे नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत आज तीसरे दिन 24 जनवरी को महापौर पद के लिए 01 अभ्यर्थी वार्ड क्रमांक-34 से कांति चौहान उर्फ रानी चौहान द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए। इसी तरह पार्षद पद हेतु नगरीय निकाय रायगढ़ अंतर्गत विभिन्न वार्डो से 39 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया।

नगर पालिका एवं विभिन्न नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए कुल 6 नाम निर्देशन पत्र लिए गए। वहीं पार्षद पद के लिए 50 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया। जिसमें नगर पालिका परिषद खरसिया में अध्यक्ष पद हेतु 1 तथा पार्षद पद हेतु 6 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए। इसी तरह नगर पंचायत धरमजयगढ़ में अध्यक्ष पद के लिए 1 एवं पार्षद पद के लिए 7, नगर पंचायत घरघोड़ा में अध्यक्ष पद के लिए 1 एवं पार्षद पद हेतु 22, नगर पंचायत पुसौर में अध्यक्ष पद के लिए 1 एवं पार्षद पद के लिए 6 अभ्यर्थी, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर में अध्यक्ष पद के लिए 2 एवं पार्षद पद के लिए 9 अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए। नगर पंचायत लैलूंगा निरंक रहा।

सारथी सम्मान : ट्रैफिक नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को रायगढ़ पुलिस ने किया सम्मानित

रायगढ़

रायगढ़ में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत 1 से 31 जनवरी तक विभिन्न जागरूकता और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज रायगढ़ यातायात पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने वाले 84 वाहन चालकों को "सारथी सम्मान" देकर प्रोत्साहित किया। इस सम्मान का उद्देश्य ट्रैफिक नियमों का पालन करने वालों के आत्मविश्वास को बढ़ावा देना और अन्य लोगों को प्रेरित करना है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम के मार्गदर्शन पर डीएसपी ट्रैफिक उत्तम प्रताप सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने आज शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों—छातामुड़ा चौक, जोरापाली चौक, जिंदल बैरियर, इंदिरा विहार और केवड़ाबाडी बस स्टैंड पर यह कार्यक्रम आयोजित किया। ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए पाए गए वाहन चालकों को पुष्प भेंट कर सम्मानित किया गया और उन्हें "सारथी सम्मान" कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

इस दौरान पुलिस टीम ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व, नियमों के पालन की आवश्यकता और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उन वाहन चालकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिन्होंने न केवल नियमों का पालन किया, बल्कि सड़क पर दूसरों की सहायता भी की।

रायगढ़ यातायात पुलिस आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता और पालन को प्रोत्साहित किया जा सके। रायगढ़ पुलिस का यह प्रयास सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

खड़े ट्रक से भिड़ी यात्री बस, 43 यात्री घायल

महासमुंद-रायपुर। आरएनएस

सरायपाली के घंटेश्वरी मंदिर के समीप नेशनल हाइवे 53 पर आज अलसुबह यात्री बस खड़े ट्रक से जा टकराई. दुर्घटना में बस में सवार छह माह की दुधमुंही बच्ची की मौत हो गई, वहीं 43 यात्रियों को चोट आई है, जिनमें से 19 लोगों की हालत गंभीर है.बस क्रमांक 2400 दुर्ग से पुरी जा रही थी. रास्ते में सुबह करीबन चार बजे सरायपाली के घंटेश्वरी मंदिर से करीबन 200 मीटर की दूरी पर खड़े ट्रक से बस जा भिड़ी. दुर्घटना के तुरंत बाद यात्रियों की चीख-पुकार शुरू हो गई.दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सरायपाली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया. राजस्थान में रजिस्टर ट्रक बीते दो दिनों से खराब हालत में खड़ा था.

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जताया शोक

नेशनल हाईवे 53 में आज तडक़े हुए बस हादसे में दुधमुंही बच्ची की मौत और दर्जनों यात्रियों के गंभीर रूप से घायल होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरा दुख जताते हुए प्रशासन को बेहतर चिकित्सा व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

अपने ट्वीटर एकाउंट पर ट्वीट करते हुए साय ने लिखा कि-महासमुंद जिले के सरायपाली में यात्री बस और ट्रक के बीच हुई सडक़ दुघटना में एक बच्ची के निधन और 43 लोगों के घायल होने की खबर अत्यंत दुखद है। घायलों का इलाज जारी है। प्रशासन को बेहतर चिकित्सकीय व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। ज्ञात हो कि सरायपाली के घंटेश्वरी मंदिर के समीप नेशनल हाइवे 53 पर आज अलसुबह यात्री बस खड़े ट्रक से जा टकराई. दुर्घटना में बस में सवार छह माह की दुधमुंही बच्ची की मौत हो गई, वहीं 43 यात्रियों को चोट आई है, जिनमें से 19 लोगों की हालत गंभीर है।

36 लाख के ईनामी 8 माओवादी के साथ 14 नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर-रायपुर। आरएनएस

थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत अलग अलग कार्यवाहियों में टेकमेटला, नड़पल्ली, मल्लेमपेंटा के जंगलों से 36 लाख के ईनामी 08 माओवादियों साहित कुल 14 माओवादी गिरफ्तार, मेमोरण्डम के आधार पर स्पाईक और जमीन खोदने का औजार बरामद किया गया है। उक्त कार्यवाही में डीआरजी बीजापुर, थाना उसूर, कोबरा 205, 210, केरिपु 196 एवं 229 की संयुक्त पार्टी शामिल थी। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् डीआरजी बीजापुर, थाना उसूर, कोबरा 205, 210, केरिपु 196 एवं 229 वाहिनी की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर टेकमेटला, नड़पल्ली, मल्लेमपेंटा की ओर निकली थी। अभियान के दौरान मल्लेमपेंटा एवं नड़पल्ली के जंगल से 14 हार्डकोर माओवादियों को पकड़ा गया।

1. कमली कोड़ेम ऊर्फ कोदूम (सीआरसी कंपनी नम्बर 02) पति दामल माड़वी उम्र 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी पेददाकोरमा कोडमेपारा थाना बीजापुर जिला बीजापुर, घोषित ईनाम 08.00 लाख रूपये

2. चैते सोढ़ी ऊर्फ रीलो (सीआरसी कंपनी नम्बर 02) पिता सुक्कू सोढ़ी उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोरोवाया ओरछा जिला नारायणपुर, घोषित ईनाम 08.00 लाख रूपये

3. जोगी सोढ़ी ऊर्फ टोक्कू (सीआरसी कंपनी नम्बर 02) पिता सोना सोढ़ी उम्र 24 वर्ष निवासी पुरंगेल भण्डारपारा थाना किरंदुल जिला दंतेवाड़ा, घोषित ईनाम 08.00 लाख रूपये

4. राजे सोढ़ी ऊर्फ बोडडो (सीआरसी कंपनी नम्बर 02) पति आयता नूपो उम्र 33 वर्ष जाति मुरिया निवासी कायर दुलेड़ थाना चिन्तागुफा जिला सुकमा, घोषित ईनाम 08.00 लाख रूपये

5. देवा मडक़म ऊर्फ बोटी (कोमटपल्ली आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष) पिता गंगा मडक़म उम्र 40 वर्ष् जाति मुरिया निवासी काउरगुट्टा, पत्तापारा थाना पामेड़ जिला बीजपुर, घोषित ईनाम 01.00 लाख रूपये

6. कोसा माड़वी (कोमटपल्ली आरपीसी मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर) पिता हुंगा माड़वी उम्र 39 वर्ष जाति मुरिया निवासी मल्लेमपेंटा कोत्तापेंटापारा थाना उसूर जिला बीजापुर, ईनाम 01.00 लाख रूपये

7. लिंगा कुहरामी ऊर्फ गेल्ले लिंगा (कोमटपल्ली आरपीसी सीएनएम अध्यक्ष) पिता हुर्रा कुहरामी उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी मल्लेमपेंटा नीलापारा थाना उसूर जिला बीजापुर, घोषित ईनाम 01.00 लाख रूपये

8. हुंगा कुंजाम सोमड़ा मडक़म ऊर्फ राजू (ग्राम लिंगापुर डीएकेएमएस अध्यक्ष) पिता कोसा मडक़म उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी तुमीरगुड़ा पेददापारा थाना उसूर जिला बीजापुर , ईनाम 01.00 लाख रूपये

9. जोगा मडक़म (ग्राम मल्लेमपेंटा डीएकेएमएस सदस्य) पिता लिंगा मडक़म उम्र 29 वर्ष जाति मुरिया निवासी मल्लेमपेंटा पटेलपारा थाना उसूर जिला बीजापुर

10. हुर्रा मडक़म (ग्राम मल्लेमपेंटा संघम सदस्य/कोमटपल्ली आरपीसी डॉक्टर शाखा सदस्य) पिता बुटटी मडक़म उम्र 36 वर्ष जाति मुरिया निवासी मल्लेमपेंटा बेडमापारा थाना उसूर जिला बीजापुर

11. सोमड़ा मडक़म ऊर्फ राजू (पामेड़ एरिया कमेटी अंतर्गत पार्टी सदस्य/ सप्लाई टीम सदस्य) पिता कोसा मडक़म उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी तुमीरगुडा पेददापारा थाना उसूर जिला बीजापुर

12. रामा माड़वी (ग्राम मल्लेमपेंटा संघम सदस्य/कोमटपल्ली आरपीसी जंगल शाखा सदस्य) पिता ध्रुर्वा माड़वी उम्र 48 जाति मुरिया निवासी मल्लेमपेंटा कोत्तापारा थाना उसूर जिला बीजापुर

13. हुंगा माड़वी (ग्राम मल्लेमपेंटा संघम सदस्य/कोमटपल्ली आरपीसी कृषि शाखा सदस्य)पिता कांडे माड़वी उम्र 37 वर्ष जाति मुरिया निवासी मल्लेमपेंटा खाडापारा थाना उसूर जिला बीजापुर

14. सुक्का माड़वी (ग्राम मल्लेमपेंटा संघम सदस्य/कोमटपल्ली आरपीसी कृषि शाखा सदस्य) पिता सोमड़ू माड़वी उम्र 55 वर्ष जाति मुरिया निवासी उटलापल्ली थाना उसूर जिला बीजापुर । पकड़े गये माओवादियों के मेमोरण्डम कथन के आधार पर जंगल में छुपा कर रखे गये 23 नग लकड़ी के एवं 08 नग लोहे के स्पाईक, लकड़ी का बेट लगा हुआ गैती (जमीन खोदने का औजार) बरामद किया गया।

पकड़े गये माओवादी थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत निम्न घटनाओं में शामिल थे :-

1. दिनांक 30.11.2022 को थाना उसूर क्षेत्रांतर्गत टेकमेटला के जंगल में स्पाईक लगाने की घटना में शामिल थे जिसमें दो जवान घायल हुए थे।

2. दिनांक 19/06/2024 को नड़पल्ली के जंगल में प्रेशर आईईडी लगाने की घटना में शामिल थे जिसमें जंगल महुआ बिनने गई महिला उक्त की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

3. दिनांक 06/01/2025 को आरओपी डयूटी के दौरान पुलिस पार्टी को क्षति पहुचाने के लिये उसूर-नड़पल्ली मार्ग पर ढ़ढश्वष्ठ लगाने में शामिल थे, जिसे केरिपु 196 की बीडी टीम द्वारा मौके पर नष्ट किया गया था। उक्त माओवादियों के विरूद्ध थाना उसूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय मुख्य न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480